स्टेपनी चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

- जनक अस्पताल और सब्जी मंडी क्षेत्र में वारदातें कबूलीं
- 1.80 लाख रुपए का माल बरामद, 3 आरोपी अब भी फरार

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में खड़े वाहनों की स्टेपनियां चुराकर फरार होने वाले गिरोह का थाना स्टेशन रोड पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार स्टेपनियां, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चोरी के औजार बरामद किए गए हैं। जप्त मशरूका की कुल कीमत करीब 1.80 लाख रुपए बताई गई है।

मामला 31 मई का है, जब अशोक नगर निवासी अजमल खान ने जनक अस्पताल

के सामने खड़ी अपनी महिंद्रा बोलेरो लोडिंग वाहन की स्टेपनी चोरी होने की रिपोर्ट थाना स्टेशन रोड में दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सब्जी मंडी क्षेत्र में भी कई वाहन मालिक इसी तरह की चोरी का शिकार हुए हैं। पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान करमदी रोड क्षेत्र में संदिग्ध युवकों की मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने स्टेपनी चोरी की कई वारदातें स्वीकार कर लीं। पुलिस के अनुसार

> **आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई चार स्टेपनियां बरामद**
>
> आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई चार स्टेपनियां, एक हीरो मोटरसाइकिल और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार बरामद किए गए। आरोपियों ने सब्जी मंडी क्षेत्र से तीन अन्य स्टेपनियां चोरी करने की बात भी कबूल की, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों में तीन युवक और एक विधि-विरुद्ध बालक शामिल है। वहीं गिरोह के तीन अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन सहित स्टेशन रोड थाना पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी अहम खुलासे हो सकते हैं।

खेत हांकने पर विवाद, किसान को दी जान की धमकी

- पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

नामली। क्षेत्र के ग्राम नौगांवाकला में खेत हांकने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान एक व्यक्ति ने किसान के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के अनुसार फरियादी चन्द्रपालसिंह राठौर (38) निवासी नीम चौक, नामली ने शिकायत दर्ज कराई कि 30 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने खेत पर मौजूद था। इसी दौरान खेत हांकने की बात को लेकर ग्राम नौगांवाकला निवासी दिनेश धाकड़ से कहासुनी हो गई। फरियादी का आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आरोपी दिनेश धाकड़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना जारी है।

नाली तोड़ने के आरोप पर मारपीट, दो भाइयों पर केस

आलोट। थाना क्षेत्र के ग्राम दयालपुरा में नाली तोड़ने की बात को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार धीरप सिंह सोंधिया (30) निवासी दयालपुरा ने शिकायत दर्ज कराई कि 2 जून 2026 की सुबह करीब 8.30 बजे वह आरोपी के घर के सामने मौजूद था। इसी दौरान नाली की तोड़फोड़ को लेकर उसका विवाद उल्पत सिंह और समरथ सिंह सोंधिया से हो गया। फरियादी का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने आलोट थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी उल्पत सिंह एवं समरथ सिंह, दोनों निवासी दयालपुरा, के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296(बी), 351(2) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना जारी है।

एक नजर में

सीसीटीवी बने 'सुरक्षा कवच', अपराध सुलझाने में सहयोग करने वाले नागरिकों को किया सम्मानित

रतलाम। जिले में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सुरक्षा कवच' को जनसहयोग से नई मजबूती मिली है। घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मदद से कई गंभीर और संपत्ति संबंधी अपराधों का खुलासा होने पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने जागरूक नागरिकों और सीसीटीवी शाखा की टीम को सम्मानित किया। नवीन पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर उन नागरिकों का सम्मान किया, जिनके कैमरों से प्राप्त फुटेज ने पुलिस जांच को निर्णायक दिशा दी। इन कैमरों की सहायता से महिलाओं से सोने की नथ लूटने वाले आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी संभव हुई। वहीं औद्योगिक क्षेत्र में हुई करीब 12 लाख रुपए की चोरी के खुलासे में भी सीसीटीवी फुटेज अहम साबित हुए। सैलाना में ज्वेलरी दुकान चोरी कांड की जांच में भी स्थानीय नागरिकों द्वारा लगाए गए कैमरों से मिले वीडियो ने पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग दिए। इसी तरह बड़ावदा क्षेत्र में 90 क्विंटल गेहूं चोरी प्रकरण में भी कैमरों की मदद से आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य जिलों में हुई चोरी की वारदातों से जुड़े अहम खुलासे भी हुए। इस अवसर पर सीसीटीवी शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक राजा तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को तकनीकी विश्लेषण और अपराधियों की ट्रैकिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। एसपी अमित कुमार ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में सीसीटीवी कैमरे सबसे प्रभावी हथियार बन चुके हैं। अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और अपराधियों की पहचान में इनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील करते हुए सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग का आह्वान किया।

पिपलोदा पुलिस ने राजस्थान से दबोचा 5 हजार का इनामी तस्कर, 2 साल से था फरार-

जावरा/पिपलौदा। ऑपरेशन क्लीन के तहत पिपलोदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के मामले में 2 साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी को चित्तौड़गढ़ जिले से पकड़ा गया। घटना 18 अगस्त 2024 की है। थाना पिपलोदा पुलिस ने माउखेड़ी-पंचेवा आम रोड पर कार्रवाई कर एक अल्टो कार से अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया था। थाना पिपलोदा पर प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना में आरोपी अजय सिंघानिया एवं सोनू मीणा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। प्रकरण का आरोपी कालूराम पिता श्यामलाल सुथार निवासी हिंगोरिया थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान घटना दिनांक से फरार चल रहा था। एसपी अमित कुमार ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया था।

साइबर सेल की मदद से मिली लोकेशन: एसपी अमित कुमार, एडिशनल एसपी विवेक कुमार व एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कोली ने उनि राजू मखोड चौकी प्रभारी सुखेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। साइबर सेल की सहायता से तकनीकी विश्लेषण व मुखबिर सूचना पर टीम चित्तौड़गढ़ पहुंची और 2 जून 2026 को आरोपी कालूराम सुथार को गिरफ्तार कर लिया।

पेड़ गिरने की घटना पर विवाद, विधायक ने की निंदा

रतलाम। सैलाना नगर के मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक विशाल नीम का पेड़ गिरने की घटना के बाद नया विवाद खड़ा हो गया। पेड़ गिरने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए थे। इसी दौरान समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत मांडोत के साथ कथित मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य उर्फ लक्की शुक्ला के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार नेहरू मार्ग निवासी एवं व्यवसाय से दुकानदार प्रशांत मांडोत ने सैलाना थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह नीम का पेड़ गिरने की घटना के बाद बस स्टैंड तिराहे पर पहुंचे थे, जहां वह प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान चैतन्य शुक्ला वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

> **विधायक कमलेश्वर डोडियार की किया पोस्ट**
>
> मामले को लेकर सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार की सोशल मीडिया पोस्ट भी चर्चा का विषय बनी हुई है। विधायक ने पोस्ट में समाजसेवी एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत मांडोत के साथ हुई कथित मारपीट की निंदा करते हुए कहा कि सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा भी जताई। घटना के बाद नगर की राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई है।

पीओपी प्रतिमाओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- सेवावीर परिवार ने की मिट्टी के गणेश को बढ़ावा देने की मांग

नवभारत न्यूज

रतलाम। आगामी गणेशोत्सव से पहले जिले में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से निर्मित प्रतिमाओं पर प्रतिबंध लगाने की मांग तेज होने लगी है। पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक मर्यादा और स्थानीय कारीगरों के हितों को लेकर सेवावीर परिवार ने बुधवार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

नायब तहसीलदार रामचन्द्र जी को सौंपे गए ज्ञापन में संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि पीओपी से बनी गणेश एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं जलाशयों में आसानी से विलीन नहीं होतीं, जिससे नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों में प्रदूषण बढ़ता है। प्रतिमाओं में

उपयोग होने वाले रासायनिक रंग जलचर जीवों और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। वहीं विसर्जन के बाद खंडित प्रतिमाओं का दिखाई देना धार्मिक भावनाओं को भी आहत करता है।

संस्था ने बताया कि वह पिछले आठ वर्षों से 'मेरे घर आएंगे मिट्टी के गणेश ' जनजागरण अभियान चला रही है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को मिट्टी से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं और बड़ी संख्या में परिवारों व सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों ने मिट्टी की प्रतिमाओं को अपनाना शुरू किया है।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिले में पीओपी प्रतिमाओं के निर्माण, भंडारण, विक्रय और स्थापना पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने वाले स्थानीय कुम्हारों और शिल्पकारों को आर्थिक व प्रशासनिक प्रोत्साहन दिया जाए तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद नायब तहसीलदार रामचन्द्र ने सेवावीर परिवार के अभियान की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने विषय पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

संस्था का मानना है कि यदि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाता है तो पर्यावरण संरक्षण के साथ धार्मिक गरिमा बनी रहेगी और स्थानीय कारीगरों को भी नया संबल मिलेगा।

रामद्वारा धाम में अनियमितताओं के आरोप, जांच की मांगी

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर के रामद्वारा धाम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं सनातनधर्मी स्थानीय नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार कुलभुषण शर्मा को एक विस्तृत आवेदन सौंपकर रामद्वारा धाम की संपत्ति, आय-व्यय और प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की है।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि पूर्व महंत स्व. निर्मलरामजी महाराज के समय रामद्वारा धाम की व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से संचालित होती थी तथा यहां धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते थे। लेकिन वर्तमान में धाम की संपत्तियों के उपयोग, रखरखाव और आय के संबंध में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि रामद्वारा धाम की लगभग 1880 वर्गफीट संपत्ति से जुड़े भवन का कथित रूप से विवादित तरीके से विक्रय कर दिया गया। आवेदन में दावा किया गया है कि विक्रय पत्र 25 दिसंबर 2024 को पंजीकृत कराया गया और लगभग 20 लाख रुपये का लेन-देन दर्शाया गया, जबकि संपत्ति का वास्तविक बाजार मूल्य इससे कहीं अधिक बताया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि रामद्वारा धाम परिसर में स्थित ब्रम्हलीन संत निर्मलरामजी महाराज की समाधि को नुकसान पहुंचाया गया, परिसर के स्वरूप में परिवर्तन किए गए जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही धाम की दुकानों और अन्य स्रोतों से प्राप्त होने वाली राशि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

शिकायतकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धार्मिक एवं सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा रामद्वारा धाम की संपत्तियों के संरक्षण और संचालन के लिए एक स्वतंत्र ट्रस्ट मंडल गठित करने की भी मांग की गई है।

नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने दी जान

रतलाम। जिले के ताल थाना क्षेत्र के ग्राम कोठड़ी खारवा में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार विकम पिता अमरसिंह गायरी (38) निवासी ग्राम कोठड़ी खारवा ने अपने घर के सामने स्थित नीम के पेड़ पर फांसी लगा ली। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही ताल थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मर्ग जांच के बाद ही घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने बताया कि अभी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही हैं।

राघव चौधरी का जापान के सकूरा साइंस प्रोग्राम के लिए चयन

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले के होनहार छात्र राघव चौधरी ने विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिस पर पूरा रतलाम और मध्यप्रदेश गर्व कर सकता है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'इंस्पायर अवार्ड मानक योजना-2026' के तहत राघव का चयन जापान के प्रतिष्ठित सकूरा साइंस एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए हुआ है। वे इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राघव को यह अवसर उनके अभिनव प्रोजेक्ट 'एडवांस इनहेलर ट्रैकिंग सिस्टम' के कारण मिला है। यह तकनीक अस्थमा मरीजों को आपातकालीन स्थिति में उनका इनहेलर तुरंत खोजने में मदद करती है। कई बार अस्थमा अटैक के दौरान कुछ सेकंड की देरी भी जानलेवा साबित हो सकती है, ऐसे में यह नवाचार जीवनरक्षक साबित हो सकता है। राघव ने बताया कि उन्होंने यह प्रोजेक्ट वर्ष 2022 में कक्षा 8वीं में अध्ययन के दौरान तैयार किया था। सिस्टम में आईआर सेंसर, एलईडी इंडिकेटर, सायरन और ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके माध्यम से मरीज अंधेरे में या कहीं रखे इनहेलर का आसानी से पता लगा सकते हैं। साथ ही मोबाइल ऐप आधारित अलर्ट सुविधा इनहेलर के निर्धारित दायरे से बाहर जाने पर तत्काल सूचना भी देती है। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत जिला स्तर से चयनित नवाचारों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया जाता है। उपयोगिता, प्रभाव और नवाचार क्षमता के आधार पर उत्कृष्ट परियोजनाओं को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए चुना जाता है।

चेन्नई में हुई लायंस मिशन कार्यशाला, जावरा के धारीवाल ने लिया भाग, 18 नए क्लब का लक्ष्य

नवभारत न्यूज

जावरा। लायंस इंटरनेशनल के मिशन 1.5% के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु आयोजित तीन दिवसीय लायंस लीडर्स कार्यशाला चेन्नई के प्रतिष्ठित होटल ग्रैंड चोला में 1, 2 व 3 जून को संपन्न हुई। इस उच्च स्तरीय कार्यशाला में लायंस क्लब जावरा के पूर्व अध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट जीईटी (क्लब एक्सटेंशन) कोऑर्डिनेटर अनिल धारीवाल ने सहभागिता कर क्षेत्र का गौरव बढाया।

शीर्ष अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय लीडर्स की रही मौजूदगी-

पूरे भारत से आए 530 चुनिंदा प्रतिनिधियों के बीच आयोजित इस गरिमामय कार्यशाला में लायंस अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए.पी. सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर

प्रवीण छाजेड़, नरेंद्र भंडारी, वी.के. लड्ढ़िया, जितेंद्र चौहान, श्याम मालपानी, संगीता जटिया, गेट एरिया लीडर मनीष शाह, मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन प्रवीण वशिष्ठ, रीना धूपिया और मल्टीपल जीईटी बलबीर साहनी जैसे शीर्ष पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की टीम ने लिया संकल्प: कार्यशाला में लायंस प्रांत डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के गवर्नर इलेक्ट जयप्रकाश त्रिपाठी, वॉइस गवर्नर राम जाट, डॉ. आर.के. सोडानी सहित विभिन्न प्रांतों के निर्वाचित गवर्नर्स व उनकी टीमों ने हिस्सा लिया। डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 से जीईटी कोऑर्डिनेटर अनिल धारीवाल (जावरा), जीएमटी कोऑर्डिनेटर अनीता जैन (सनावद) व भागचंद जैन (सनावद) ने इस मंथन में सक्रिय भूमिका निभाई। लायंस इंटरनेशनल द्वारा दिए गए मिशन 1.5% के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आगामी वर्ष में सदस्यता वृद्धि और नवीन क्लब प्रारंभ करने का एक ठोस एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया गया।

बड़ा लक्ष्य:18 नए क्लब और 1208 नए सदस्य: इस वर्ष के एक्शन प्लान के अनुसार, डिस्ट्रिक्ट की वर्ष 2026-27 की पूरी टीम ने 18 नए क्लबों की स्थापना करने और 1208 नए सदस्यों को लायनवाद से जोड़कर सेवा का दायरा बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

अनिल धारीवाल ने प्रस्तुत की रिपोर्ट: कार्यशाला के विशेष सत्र में देश भर से उपस्थित वरिष्ठ लायंस लीडर्स के सम्मुख जीईटी कोऑर्डिनेटर अनिल धारीवाल ने अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की, जिसे व्यापक सराहना मिली। उपरोक्त जानकारी जावरा क्लब के सह-सचिव संदीप रांका ने दी।

एक नजर में

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यक्रम आयोजित किए

सीएम की टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस की गांधीगिरी, भाजपा नेताओं का किया सम्मान



नवभारत न्यूज

जावरा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशभर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पिपलोदा में कांग्रेस नेताओं ने गांधीवादी विचारधारा का अनुसरण करते हुए भाजपा पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चंद्रावत, जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सोलंकी एवं कांग्रेस नेता गोपाल मालवीय ने पिपलोदा भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष का फूल-मालाओं से सम्मान किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री तक यह संदेश पहुंचाएं कि सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा के अनुरूप मर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 1 जून को प्रदेश कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के पुतला दहन का कार्यक्रम प्रस्तावित था। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वीडियो संदेश जारी कर कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से गांधीवादी तरीके से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद एक संवैधानिक पद है, इसलिए विरोध भी लोकतांत्रिक एवं मर्यादित तरीके से किया जाना चाहिए। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए पिपलोदा के कांग्रेस नेताओं ने विरोध का अनूठा तरीका अपनाया और भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान कर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री तक अपनी भावना पहुंचाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि यह केवल किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति का नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता और किसानों के सम्मान से जुड़ा विषय है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और शालीन राजनीतिक भाषा के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

> **गरिमा के अनुरूप मर्यादित भाषा का प्रयोग करें**
>
> इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री तक यह संदेश पहुंचाएं कि सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा के अनुरूप मर्यादित भाषा का प्रयोग करें।